# कार्यालय
## मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
## बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-Mail:- deanshahdol@gmail.com Website:- WWW.GMCSHAHDOL.ORG

क्रमांक/स्था.शाखा/शा.चि.म.वि./2022/...211...A..... शहडोल, दिनांक .06./01./2022

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के गैर शैक्षणिक संवर्ग के अन्तर्गत अस्पताल प्रबन्धन के नवीन स्वीकृत पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन कमांक/स्था.शाखा/एम.सी./2022/2081 शहडोल दिनांक–18.06.2022 के अनुक्रम में अस्पताल सहायक प्रबन्धक (श्रेणी – अन्य पिछडा वर्ग ) के रिक्त पदों की पूर्ती हेतु स्कूटनी उपरान्त समस्या के निराकरण हेतु चयन समिति की बैठक दिनांक 06.01.2023 को समय–12:30 बजे प्रातःकाल बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता कार्यालय के सभागार में आहूत की गई है।

### // कार्यवाही विवरण //

कार्यालयीन आदेश कमांक/स्था.अराज/2022/18 शहडोल दिनांक 22.09.2022 के अनुक्रम में गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 06.01.2023 को अधिष्ठाता महोदय की अध्यक्षता में अधिष्ठाता कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित समिति सदस्य उपस्थित हुएः–

1. डॉ. मिलिन्द शिरालकर , मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता महोदय, (अध्यक्ष)।
2. डॉ. नागेन्द्र सिंह,अस्पताल अधीक्षक संभागायुक्त द्वारा मनोनीत सदस्य एवं आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि (अनुसूचित जनजाति)।
3. डॉ. राजेश ज्ञानदेव खरात, प्राध्यापक, स्कूटनी समिति अध्यक्ष।
4. डॉ. विक्रान्त कबीरपंथी ,सह प्राध्यापक,आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि (अनुसूचित जाति)।
5. डॉ. नंदीप कुशवाहा सहायक प्राध्यापक,आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि (अन्य पिछड़ा वर्ग)।

---

- सर्वप्रथम चयन समिति की बैठक में स्कूटनी समिति अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि गैर शैक्षणिक संवर्ग अन्तर्गत अस्पताल प्रबंधक,अस्पताल सहायक प्रबंधक एवं बायोमेडिकल इंजीनियर के रिक्त पदों हेतु एम.पी.ऑनलाईन से विज्ञापन प्रकाशित किया गया परीक्षा उपरान्त प्राप्त परिणाम के तहत् कार्यालयीन सूचना क्रमांक/स्था./अराज/शा.चि.म.वि./2022/26 शहडोल दिनांक 29.09.2022 के अनुक्रम में स्क्रूटनी दिनांक 06.10.2022 से 07.10.2022 तक आयोजित कराई गई।
- स्कूटनी के दौरान अस्पताल सहायक प्रबन्धक (श्रेणी – अन्य पिछडा वर्ग ) पद हेतु उपस्थित उम्मीदवार सत्य प्रकाश साह के दस्तावेजों के सत्यापन में प्रस्तुत दस्तावेज मास्टर डिग्री विज्ञापन के अर्हता अनुसार न पाये जाने के कारण सत्य प्रकाश साह को स्कूटनी समिति द्वारा अपात्र घोषित किया गया।
- स्क्रूटनी उपरान्त कार्यालयीन सूचना क्रमांक/स्था.अराज/ शा.चि.म.वि./2022/68 शहडोल दिनांक 14.10.2022 के तहत स्क्रूटनी समिति के समक्ष उपस्थित एंव पात्र/अपात्र एवं चयन/प्रतीक्षा सूची जारी की गई। जिसमें अस्पताल प्रबंधक पद संख्या–01, अस्पताल सहायक प्रबंधक पद संख्या–02 पर चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई।
- अस्पताल सहायक प्रबन्धक (श्रेणी–अन्य पिछडा वर्ग) पद हेतु अपात्र घोषित उम्मीदवार सत्य प्रकाश साह के द्वारा अपनी पात्रता सुनिश्चित करने हेतु इस कार्यालय को पत्र क्रमांक/7050 दिनांक 27.10.2022 को पत्र के माध्यम से दस्तावेजों में संशोधन कराये जाने हेतु समय की मांग की गई।
- उक्त अनुक्रम में संस्था स्तर पर सत्य प्रकाश साह के संबंध में अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु कार्यालय से पत्र क्रमांक/स्था./अराज/शा.चि.म.वि./2022/222 शहडोल दिनांक 12.11.2022 के माध्यम से अस्पताल अधीक्षक, चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल भोपाल को लेख किया गया।
- सत्य प्रकाश साह के द्वारा दिनांक 05.11.2022 को मास्टर डिग्री में संशोधन करावा कर Revised डिग्री जिसमें मास्टर ऑफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन की उपाधि में विषय विशेषज्ञता–हॉस्पिटल मैनेजमेंट एण्ड हामून रिसोर्स मैनेजमेंट करवा कर प्रस्तुत किया गया।

Scanned with CamScanner

- उपरोक्त प्रस्तुत मास्टर डिग्री के सत्यापन के संबंध में कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक/स्था./अराज/शा.चि.म.वि./2022/294 शहडोल दिनांक 07.12.2022 को रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल म.प्र. को लेख किया गया। जिसके अनुक्रम में रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल म.प्र. के द्वारा कार्यालय को पत्र कमांक 2136/RKDF/2022 dated 26-12-2022 के माध्यम से जो पत्र प्रस्तुत किया गया ।
- इसके संबंध में दस्तावेजों को पुनःजॉच किया गया जिसमें पाया गया कि उम्मीदवार सत्य प्रकाश साह के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के मास्टर डिग्री से संबंधित समस्त अंकसूची में कोर्स नेम – मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनीस्ट्रीसेन(MBA)उल्लेखित है जो कि विज्ञापन की शैक्षणिक अर्हता अनुसार नहीं है ।
- **सत्य प्रकाश साह को पूर्व में श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा म.प्र. के द्वारा जारी विज्ञापन कमांक/19963 दिनांक 15.09.2021 के तहत् जारी अस्पताल सहायक प्रबन्धक के रिक्त पद हेतु विज्ञापन में उल्लेखित शैक्षणिक अर्हता अनुसार अपात्र घोषित किया गया था। (संलग्न – छायाप्रंति)**

**उपरोक्त के संबंध में समस्त तथ्यों के आधार पर चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि :–**

**सत्य प्रकाश साह के द्वारा कार्यालय को प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों के अवलोकन उपरान्त चयन समिति के द्वारा स्कूटनी समिति के लिये गये निर्णय को मान्य करते हुये सत्य प्रकाश साह को अपात्र घोषित करने का निर्णय लिया गया।**

डॉ. नागेन्द्र सिंह,
अस्पताल अधीक्षक एवं सदस्य आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि
(अनुसूचित जनजाति)

डॉ. विक्रान्त कबीरपंथी,
सह प्राध्यापक,आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि
(अनुसूचित जाति)

डॉ. नंदीप कुशवाहा
सहायक प्राध्यापक,आरक्षित वर्ग प्रतिनिधि
(अन्य पिछड़ा वर्ग)

डॉ. राजेश ज्ञानदेव खरात,
प्राध्यापक,स्क्रूटनी समिति
अध्यक्ष

**(डॉ. मिलिन्द शिरालकर)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**शहडोल (म.प्र.)**

Scanned with CamScanner